न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **रमेश बनाम जगदीश वगैरा** **किस्म मुकदमा – प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण** **प्रकरण सं. – 26/2018**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
01.06.2018	**अधिवक्ता फरीकेन उपस्थित। अधिवक्तागण उभयपक्ष की बहस सुनी गई। अधिवक्ता अप्रार्थी सं. 01 लगा. 04 द्वारा निवेदन किया गया की प्रकरण मे तत्कालीन तहसीलदार तहसील रामगढ पचवारा का स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिए विचाराधीन अपील को चलाये जाने का कोई औचित्य नही है। अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा भी इस बाबत सहमति प्रदान की गई। चूंकि अधिवक्ता उभयपक्षकारान द्वारा तत्कालीन तहसीलदार तहसील रामगढ पचवारा का स्थानान्तरण हो जाना व्यक्त किया गया है। ऐसी स्थिति में प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को हम आगे चलाया जाना हम उचित नहीं समझते है।** **अतः न्यायालय तहसीलदार रामगढ पचवारा में विचाराधीन रिमाण्ड प्रकरण नामान्तरकरण संख्या 05 ग्राम मोहलाई को अन्य न्यायालय में स्थानान्तरित किये जाने हेतु प्रार्थी रमेश दत्तक पुत्र मांगीराम जाति ब्राहमण निवासी ग्राम मोहलाई तहसील रामगढ पचवारा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 01.06.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।** अति0 जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official